# निर्जला एकादशी पर सिरसा बाईपास पर लगाया गया शरबत, ठंडाई व जूस सेवा शिविर, श्री श्याम लाल सैनी ने पेश की मानवता की मिसाल।

Publisher
Published on 09 Jun 2025



सवांदाता,सिरसा,

राजस्थान

**सिरसा, राजस्थान : निर्जला एकादशी** के पावन अवसर पर सिरसा बाईपास पर **श्री श्याम फास्ट फूड** के **फाउंडर श्री श्यामलाल सैनी** के नेतृत्व में **शरबत, ठंडाई** और **जूस सेवा** शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा के माध्यम से राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में ठंडे पेय पदार्थ वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की गई।

### हर वर्ष होता है यह सेवा आयोजन

श्री श्यामलाल सैनी ने इस अवसर पर कहा, "हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर दान-पुण्य और मानव सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। नर सेवा ही नारायण सेवा है— इसी भावना से यह सेवा कार्य किया गया। भविष्य में भी इस परंपरा को जारी रखेंगे।"

उन्होंने अपने सहयोगियों और समाजसेवियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज में मानव सेवा के लिए हर व्यक्ति को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

### गर्मी मे राहगीरों को मिली राहत

गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को **शरबत, ठंडाई** और **नींबू जूस** उपलब्ध कराकर न केवल राहत दी गई, बल्कि सामाजिक सद्भाव का भी सुंदर संदेश दिया गया।

इस सेवा शिविर में सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया और आयोजकों का धन्यवाद किया।

### विशेष सहयोगियों की सूची

इस पुनीत कार्य में कई गणमान्य व्यक्तियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। प्रमुख सहयोगी इस प्रकार रहे:

**सांवरमल सैनी**
**डॉ. सुरेश भाम्भू**
**नरेश भाम्भू**
**हेमंत जी (प्रशासनिक अधिकारी)**
**अजय कुलड़िया**
**अमन कुलड़िया**
**योगेश कुलड़िया**

**दिनेश जी साहू**
**फौजी सूर्यपाल जी कस्वा (PHED)**
**सुरेश सहू (PTI)**
**राजेद्र लोर (डाबड़ी)**
**डॉ. सुरेद्रं बेरड**
इन सभी ने अपने **समय और संसाधनों से इस आयोजन को सफल** बनाने में अहम भूमिका निभाई।

**निर्जला एकादशी का महत्व**
**निर्जला एकादशी** हिंदू पंचांग के अनुसार **ज्येष्ठ मास** की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। इसे **सर्वाधिक पुण्यदायी एकादशी** माना जाता है।

इस दिन **श्रद्धालु निर्जल उपवास** रखते हैं और **दान-पुण्य**, **सेवा और भक्ति** में लीन रहते हैं। गर्मी के इस मौसम में **जल सेवा** और **शीतल पेय** वितरण का विशेष महत्व होता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.